आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 रविवार** **दिनांक 25.01.2026**

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**

**मुख्य समाचारः—**

1— प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में उद्योग जगत और स्टार्टअप्स से गुणवत्ता पर बल देने का किया आह्वान।

2— राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि मतदान सिर्फ राजनीतिक अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में नागरिकों की आस्था का प्रतीक भी है।

3— केन्द्र सरकार ने पद्मश्री सम्मान के लिए चौवन विभूतियों का किया चयन— इनमें छत्तीसगढ़ की भी दो हस्तियां शामिल।

**और**

4— कल मनाया जाएगा सतहत्तरवां गणतंत्र दिवस— राज्यपाल रमेन डेका रायपुर और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बिलासपुर में करेंगे ध्वजारोहण।

--------

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से, विशेषकर स्टार्टअप उद्यमों में लगे युवाओं से गुणवत्ता पर बल देने की अपील की है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से विकसित हो रही है और पूरे विश्व की नजर भारत पर है।

प्रधानमंत्री ने लोगों से देश में विनिर्मित हर वस्तु की गुणवत्ता में सुधार का संकल्प लेने का आग्रह किया।

**हम जो भी मैन्युफैक्चर कर रहे हैं, उसकी क्वालिटी को बेहतर बनाने का संकल्प लें। चाहे हमारे टेक्सटाइल हो, टेक्नोलॉजी हो या फिर इलेक्ट्रॉनिक्स, इवेन पैकेजिंग। इंडियन प्रोडक्ट का मतलब ही बन जाए टॉप क्वालिटी। हम संकल्प लें क्वालिटी में ना कोई कमी होगी ना क्वालिटी से कोई समझौता होगा। और मैंने तो लाल किले से कहा था जीरो डिफेक्ट, जीरो इफेक्ट। ऐसा करके ही हम विकसित भारत की यात्रा को तेजी से आगे ले जा पाएंगे।**

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर श्री मोदी ने कहा कि मतदाता लोकतंत्र की आत्मा हैं। जब कभी एक युवा पहली बार देश का मतदाता बनता है, तो पूरे पड़ोस, गांव या शहर को एकजुट होकर उसे बधाई देनी चाहिए और मिठाइयां बांटकर इस क्षण का उत्सव मनाना चाहिए।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस

राष्ट्र आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस मना रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा कि मतदान केवल राजनीतिक अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि देश की लोकतांत्रिक चुनावी प्रक्रिया में नागरिकों के विश्वास का प्रतीक है।

**बाबा साहब मानते थे कि मताधिकार का प्रयोग राजनीतिक शिक्षा को सुनिश्चित करने का माध्यम है। मैं आशा करती हूं कि अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए हमारे मतदाता अपनी राजनीतिक जागरूकता का परिचय देते रहेंगे और निर्वाचन पद्धति के माध्यम से हमारे लोकतंत्र को और अधिक शक्ति प्रदान करते रहेंगे।**

वहीं, मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि आयोग की प्रत्येक पहल, नीति और निर्णय का केंद्र हमेशा से ही देश का मतदाता रहा है।

आकाशवाणी के समाचार सेवा प्रभाग को मतदाता जागरूकता के सर्वश्रेष्ठ अभियान के लिए इलेक्ट्रॉनिक रेडियो की श्रेणी में वर्ष दो हजार पच्चीस का मीडिया पुरस्कार प्रदान किया गया। आकाशवाणी के महानिदेशक राजीव कुमार जैन ने राष्ट्रपति से यह पुरस्कार ग्रहण किया।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस–छत्तीसगढ़

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आज छत्तीसगढ़ में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। माय भारत रायपुर द्वारा जिला प्रशासन और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के सहयोग से राज्य स्तरीय युवा मतदाता जागरूकता पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस पदयात्रा में एक हजार से अधिक युवा स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। यह पदयात्रा इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय से शुरू हुई, जिसका समापन कृषि मंडपम में हुआ। कार्यक्रम में रायपुर कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह ने युवाओं को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई।

आज विभिन्न कार्यालयों में भी अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली।

## पद्म पुरस्कार

असाधारण योगदान के लिए इस वर्ष भी देश के विभिन्न भागों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले बहुत से गुमनाम नायकों को पद्म पुरस्कारों के लिए चुना गया है। सरकार ने पद्मश्री सम्मान के लिए चौव्वन विभूतियों का चयन किया है। इनमें छत्तीसगढ़ से दो विशिष्ट हस्तियां शामिल हैं। दंतेवाड़ा की डॉक्टर बुधरी ताती को समाज सेवा के क्षेत्र में तथा रामचंद्र गोडबोले और उनकी पत्नी सुनीता गोडबोले को चिकित्सा के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए पद्मश्री सम्मान दिया जाएगा।

आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए बुधरी ताती ने पद्मश्री पुरस्कार दिए जाने के लिए केन्द्र सरकार को धन्यवाद दिया है।

वहीं, सुनीता गोडबोले ने कहा कि उन्हें यह पुरस्कार मिलने से अन्य लोग भी दंतेवाड़ा और बारसूर जैसे इलाकों में लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित होंगे।

**राष्ट्रपति–संबोधन**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर अब से कुछ देर बाद राष्ट्र को संबोधित करेंगी। आकाशवाणी के सभी राष्ट्रीय चैनल पर इसका प्रसारण शाम सात बजे से होगा। दूरदर्शन और आकाशवाणी के सभी चैनल हिंदी और अंग्रेजी में इसे प्रसारित करेंगे।

वहीं, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका का प्रदेश की जनता के नाम संदेश आज रात सवा नौ बजे से प्रसारित किया जाएगा।

आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी चैनल कल सुबह नौ बजकर चालीस मिनट से नई दिल्ली के कर्तव्य पथ से गणतंत्र दिवस परेड का सीधा प्रसारण करेंगे।

**गणतंत्र दिवस–ध्वजारोहण**

छत्तीसगढ़ सहित देशभर में कल सतहत्तरवां गणतंत्र दिवस देशभक्तिपूर्ण माहौल में मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर छत्तीसगढ़ में तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। मुख्य समारोह राजधानी रायपुर के पुलिस परेड मैदान में सुबह नौ बजे से होगा, जहां राज्यपाल रमेन डेका ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। परेड में सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, पुलिस, होमगार्ड, एसटीएफ, बीएसएफ, आईटीबीटी और अन्य सशस्त्र बल की टुकड़ियां शामिल होंगी। इसके अलावा विभिन्न विभागों–संस्थानों द्वारा झांकियों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। इस दौरान स्कूली छात्र–छात्राओं द्वारा देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल बिलासपुर मे आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। उपमुख्यमंत्री अरुण साव जगलदपुर में, विजय शर्मा अंबिकापुर में, केंद्रीय राज्यमंत्री

तोखन साहू दुर्ग में और विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह राजनांदगांव में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होंगे। इसके अलावा प्रदेश के अन्य जिला मुख्यालयों में राज्य शासन के मंत्रियों, सांसदों और विधायकों द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा।

राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## गणतंत्र दिवस–वीरता पदक

गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस, अग्निशमन, होमगार्ड और सिविल डिफेंस तथा करेक्शनल सर्विसेज के नौ सौ बयासी कर्मियों को वीरता और सेवा पदक प्रदान किए जाएंगे।

गणतंत्र दिवस पर घोषित इन सम्मानों में छत्तीसगढ़ के पुलिस अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल हैं। सहायक उप निरीक्षक रामावतार सिंह राजपूत को विशिष्ट सेवा पदक के लिए चुना गया है। वहीं, पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग के साथ ही पुलिस अधीक्षकों में शशि मोहन सिंह, श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा और राजश्री मिश्रा को चुना गया है। इनके अलावा कमांडेंट निवेदिता पॉल और मनीषा ठाकुर रावते तथा सहायक पुलिस अधीक्षक तर्केश्वर पटेल और उनेज़ा खातून अंसारी के साथ ही सहायक कमांडेंट जैलाल मरकाम और प्लाटून कमांडर हजारी लाल साहू को भी सराहनीय सेवा पदक के लिए चुना गया है।

## गणतंत्र दिवस–साइकिल रैली

गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर भारतीय सेना के छत्तीसगढ़ और ओडिशा सब एरिया–कोसा ने आज रायपुर में साइकिल रैली का आयोजन किया। यह साइकिल रैली राजधानी

के तेलीबांधा चौक से शुरू होकर लगभग चालीस किलोमीटर की दूरी तय करके नवा रायपुर स्थित सेंध झील परिसर में संपन्न हुई। इस साइकिल रैली में भारतीय सेना के जवानों के साथ ही नागरिकों ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सेंध झील परिसर में भारतीय सेना के बैंड ने अपनी शानदार प्रस्तुति भी दी।

## कर्तव्य पथ–झांकी

कल नई दिल्ली में होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में कर्तव्य पथ पर छत्तीसगढ़ की झांकी प्रस्तुत की जाएगी। कर्तव्य पथ पर दिखाई जाने वाली इस झांकी में छत्तीसगढ़ के जनजातीय वीर नायकों को समर्पित देश के पहले डिजिटल संग्रहालय की झलक प्रस्तुत की जाएगी।

## वंदेमारतम्–वर्षगांठ

राष्ट्रगीत वंदेमातरम् की एक सौ पचासवीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रदेश के संस्कृति विभाग द्वारा चार चरणों में विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इसके तहत दूसरे चरण के कार्यक्रमों का आयोजन उन्नीस से छब्बीस जनवरी तक किया जा रहा है। कल दूसरे चरण का समापन होगा।

दूसरे चरण के तहत रायपुर के कार्यक्रम में राज्यपाल रमेन डेका और जगदलपुर के कार्यक्रम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विशेष रूप से शामिल होंगे। वहीं, सभी जिला और विकासखंड मुख्यालयों तथा ग्राम पंचायतों और स्कूल–कॉलेजों में मंत्री, सांसद, विधायक और स्थानीय जनप्रतिनिधि वंदेमातरम् गायन के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## रायपुर साहित्य उत्सव

नवा रायपुर के पुरखौती मुक्तांगन परिसर में पिछले तीन दिनों से चल रहा साहित्य उत्सव आज संपन्न हो गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेन डेका थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात रंगकर्मी डॉक्टर सच्चिदानंद जोशी ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य के वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी भी शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधि करते हुए राज्यपाल ने कहा कि इंटरनेट की दुनिया में भी प्रिंट और साहित्य का महत्व हमेशा रहेगा।

साहित्य उत्सव के तीसरे और अंतिम दिन भी आज विभिन्न सत्रों में पत्रकारिता, साहित्य, बाल साहित्य, समाज और सिनेमा, नाट्य शास्त्र और कला परंपरा जैसे विषयों पर परिचर्चा और संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>